Under CSR Support by Ipca Foundation missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

## अध्याय - 1| व्यवसाय, व्यापार और वाणिज्य

**QUIZ PART-05**

1. **व्यवसाय का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?**
   A. समाज सेवा
   B. लाभ कमाना
   C. नियमित वेतन प्राप्त करना
   D. विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करना (B)

*व्याख्या :* व्यवसाय का सीधा संबंध लाभ कमाने के उद्देश्य से होता है।

2. **पेशा किसकी आवश्यकता पर आधारित होता है?**
   A. व्यापारिक अनुभव
   B. विशेष ज्ञान व कौशल
   C. अधिक पूँजी
   D. मजदूरी (B)

*व्याख्या :* पेशे में विशेष क्षेत्र के ज्ञान और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।

3. **रोजगार का अर्थ क्या है?**
   A. बिना जोखिम कार्य
   B. स्वयं का व्यवसाय
   C. दूसरों के लिए कार्य कर वेतन प्राप्त करना
   D. केवल वस्तुओं का उत्पादन (C)

*व्याख्या :* रोजगार में व्यक्ति नियोजक के लिए निर्धारित नियमों के तहत काम करता है और बदले में वेतन प्राप्त करता है।

4. **व्यवसाय आरंभ करने के लिए क्या आवश्यक होता है?**
   A. नियोजक
   B. पेशेवर संस्था की सदस्यता
   C. व्यक्तिगत निर्णय और पंजीकरण
   D. रोजगार अनुबंध (C)

*व्याख्या :* व्यवसाय आरंभ करने के लिए पंजीकरण और व्यक्तिगत निर्णय आवश्यक होते हैं।

5. **पेशेवर व्यक्ति आमतौर पर क्या प्राप्त करता है?**
   A. वेतन
   B. लाभ
   C. फीस / शुल्क
   D. बोनस (C)

*व्याख्या :* पेशेवर लोग अपनी विशेषज्ञ सेवाओं के बदले फीस या शुल्क प्राप्त करते हैं।

6. **रोजगार का प्रतिफल क्या होता है?**
   A. लाभ
   B. शुल्क
   C. वेतन या मजदूरी
   D. कमीशन (C)

*व्याख्या :* रोजगार में व्यक्ति वेतन या मजदूरी अर्जित करता है।

7. **किस क्षेत्र में जोखिम सबसे अधिक होता है?**
   A. रोजगार
   B. पेशा
   C. व्यवसाय
   D. सभी में समान (C)

*व्याख्या :* व्यवसाय में लाभ-हानि की अनिश्चितता के कारण जोखिम सबसे अधिक होता है।

8. **पेशे में कौन-सी औपचारिकता आवश्यक होती है?**
   A. व्यापार लाइसेंस
   B. रोजगार अनुबंध
   C. व्यावसायिक संस्था की सदस्यता
   D. आयात-निर्यात लाइसेंस (C)

*व्याख्या :* पेशे में पेशेवर संस्था की सदस्यता और योग्यता प्रमाण आवश्यक होते हैं।

9. **रोजगार को शुरु करने के लिए क्या आवश्यक होता है?**
   A. सेवा अनुबंध या नियुक्ति पत्र
   B. सेवा अनुबंध या नियुक्ति पत्र
   C. व्यावसायिक प्रशिक्षण
   D. व्यापारिक अनुभव (A)

*व्याख्या :* रोजगार एक औपचारिक नियुक्ति पत्र या सेवा अनुबंध के आधार पर आरंभ होता है।

10. **लाभ किस क्षेत्र में प्रतिफल के रूप में मिलता है?**
    A. पेशा
    B. रोजगार
    C. व्यवसाय
    D. सेवा (C)

*व्याख्या :* व्यवसाय में व्यापारी का प्रतिफल लाभ होता है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App